UPJS010064412022

# न्यायालय सत्र न्यायाधीश, झाँसी।

**उपस्थित- जफ़ीर अहमद, एच०जे०एस०**

JO Code No- UP06533

CNR N. UPJS01006441- 2022

**दाण्डिक पुनरीक्षण सं०- २२७ सन २०२२**

**उदयभान** **बनाम** **उ०प्र०सरकार आदि**

**दिनांकः२१- ०२- २०२३**

पत्रावली पेश हुई। पुनरीक्षणकर्ता के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। पुनरीक्षणकर्ता की ओर से प्रस्तुत पुनरीक्षण मैमो पर एवं आदेश पत्र के हांसिये पर बल न दिये जाने का पृष्ठांकन किया गया है।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रस्तुत दाण्डिक पुनरीक्षण न्यायालय पीठासीन अधिकारी अतिरिक्त न्यायालय झाँसी द्वारा परिवाद सं०- ३००९/ २०१८ उदयभान बनाम प्रदीप कुमार राजपूत अन्तर्गत धारा १३८ एन०आई०एक्ट में पारित निर्णय दिनांक ०१- ११- २०२२ के विरूद्व प्रस्तुत की गयी है।

उल्लेखनीय है कि प्रस्तुत दाण्डिक पुनरीक्षण परिवादी की ओर से कम सजा के करने के निर्णय के विरूद्व प्रस्तुत किया गया है। प्रत्यर्थी/ अभियुक्त की ओर से आक्षेपित निर्णय के विरूद्व दाण्डिक अपील सं०- १८० सन २०२२ भी प्रस्तुत की गयी थी, जो उभयपक्षों के द्वारा प्रस्तुत सुलहनामा के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में दिनांक १२- ०२- २०२३ को निस्तारित की जा चुकी है। अतः प्रस्तुत दाण्डिक पुनरीक्षण निष्प्रयोज्य हो चुकी है। ऐसी स्थिति में प्रस्तुत दाण्डिक पुनरीक्षण को लम्बित रखने का कोई औचित्य प्रतीत नही होता है।

अतः प्रस्तुत दाण्डिक पुनरीक्षण निष्प्रयोज्य होने के कारण निरस्त किया जाता है। पत्रावली दाखिल अभिलेखागार हो।

दिनांकः२१- ०२- २०२३

**(जफ़ीर अहमद)**
**सत्र न्यायाधीश,**
**झाँसी।**

Digitally signed by ZAFEER AHMAD
Date: 2023.02.22 10:56:48 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court